## महत्वपूर्ण एवं खास

### चार माह के बालक के साथ कुऐं मे कूद कर जान देने वाली मां पर हत्या का मामला दर्ज

**रायगढ़ (आरएनएस)।** चार माह के अबोध बालक को लेकर कुऐं कूद कर जान देनी वाली मां के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया हैं पुरा मामला इस प्रकार हैं थाना छाल के तेन्दूमुडी में रहने वाली पार्वती राठिया 28 साल ने 16 जनवरी की सुबह 3 बजे से 6बजे के बीच घर के बाड़ी के कुंआ में अपने 4 माह के अबोध बालक कैलाश राठिया को साथ लेकर आत्महत्या कर ली थी। मृतिका के संबंध में मर्ग क्रमांक 6/18 एवं बालक कैलाश राठिया के मृत्यु के संबंध में मर्ग क्रमांक 7/18 धारा 174 जाफौ पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था । मर्ग जांच में पाया गया कि पार्वती राठिया अपने देवर की शादी के लिये अपने परिवार में एक लड़की पसंद की थी, शादी तय होने ही वाली थी कि लड़की वालों ने शादी से इंकार कर दिया, जिससे पार्वती राठिया को हुयी आत्मग्लानी के कारण 16 जनवरी को अपने 4 माह के पुत्र कैलाश राठिया को लेकर कुंआ के पानी में कुदकर आत्महत्या कर ली मामले में 4 माह के पुत्र की हत्या करना पाया गया । मर्ग जांच पर से आज मृतिका पार्वती राठिया के विरूद्ध धारा 302 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

### शादी के निमंत्रण को लेकर दो परिवारों में हुआ खूनी संघर्ष तीन हुये घायल

**रायगढ़ (आरएनएस)।** ग्राम नवंरगपुर में कल रात हुई सशस्त्र मारपीट में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया हैं गांव में रहने वाले भोजराम चौहान तथा भीखम प्रसाद चौहान के परिवार के बीच बाड़ी के रास्ते को लेकर विवाद था । 29 अप्रेल को भीखम प्रसाद चौहान के बड़ा लड़का गौरीशंकर चौहान की शादी थी, जिसमें भोजराम चौहान, उसके लड़के मुकेश चौहान को निमंत्रण नही दिया। इसी को लेकर कल रात 8/30 बजे मुकेश चौहान, भोजराम चौहान ने हम लोगो को शादी मे निमंत्रण नही दिये हो कहकर गौरीशंकर चौहान और उसके छोटे भाई रविशंकर चौहान से मारपीट की मुकेश चौहान ने धारदार हथियार से हत्या की नियत से गौरीशंकर चौहान के सिर पर तथा रविशंकर चौहान के दाहिने गाल, दाहिने आंख एवं माथा में मारकर प्राणघातक चोट पहुंचायी । मारपीट में भोजराम चौहान के सिर पर गौरीशंकर चौहान के पत्थर से मारने पर चोट आयी है । रविशंकर चौहान की रिपोर्ट पर धारा 294, 506 बी, 323, 307, 34 आईपीसी तथा भोजराम चौहान की रिपोर्ट पर गौरीशंकर चौहान व अन्य 1 के विरूद्ध धारा 294,506,323 पंजीबद्ध किया गया है ।

# रायगढ़ जिले को मिली 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की सौगात

## 690 हितग्राहियों को 24 लाख की सामग्री एवं सहायता राशि वितरित







रायगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम परसदा में 80 करोड़ की लागत से बनने वाले 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 690 हितग्राहियों को 24 लाख 2 हजार रुपए की लागत राशि के सामग्री एवं सहायता राशि का चेक भी वितरण किया। इस अवसर पर श्रम व रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)श्री संतोष कुमार गंगवार, केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 80 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का निर्माण किया जाएगा और श्रमिकों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस हास्पिटल के जरिए रायगढ़ जिले को जल्द ही एक अच्छी सौगात मिलने वाली है। इस हास्पिटल के निर्माण के प्रयासों के लिए उन्होंने श्रम और रोजगार राज्यमंत्री श्री संतोष गंगवार एवं केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गांव, गरीब एवं किसानों की सरकार है। प्रदेश में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत स्मार्ट कार्ड के तहत 50 हजार की राशि तक निजी एवं शासकीय अस्पताल में लोगों का इलाज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में जनसामान्य लाभान्वित हो रहे हैं। दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत पारे-टोले, मजरे का विद्युतीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला विकास की यात्रा में भागीदार बना है। स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ की विशेष पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने बताया कि प्रदेश में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर चुनौती थी। शिशु मृत्युदर 76 से घटकर 39, मातृ मृत्युदर 365 से घटकर 221 और कुपोषण की दर 52 से घटकर 30 हो गई है। संस्थागत प्रसव पहले 100 में 17 होते थे अब संस्थागत प्रसवों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण हुआ है। रायगढ़ में तेन्दूपत्ता तोडऩे वाले वनवासी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हो रहे है। तेन्दूपत्ता तोडऩे वाले वनवासियों को सरकार चरण पादुका दे रही है और सरकार को उनके पैरो में चुभने वाले कांटे की चिन्ता है। श्रमिकों के बच्चे आज अच्छे स्कूलों एवं महाविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। शासन की ओर से श्रमिकों को साइकल भी प्रदान किया जा रहा है। श्रम व रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)श्री संतोष कुमार गंगवार ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य बनने के बाद गांव, गरीब, किसान के लिए चहुंमुखी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अपने क्षेत्र के विकास कार्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, साथ ही बधाई के पात्र है। जिन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश को विद्युत कटौती से मुक्त और दूसरे प्रदेशों को बिजली देने वाला राज्य बनाया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश (रायपुर) प्रदूषण की सूची से बाहर है और राज्य प्रगति की दिशा में सक्रियता से आगे बढ़ रहा है। विकास कार्य देखकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लगता है आपकी सोच और विजन लोगों के लिए सार्थक हो रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिसम्बर माह तक 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रमिकों के स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में अत्याधुनिक सुविधाएं भी विकसित करते जायेंगे।

केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायगढ़ जिला औद्योगिक जिला है और यहां लगभग 35 हजार से ज्यादा संगठित श्रमिक है। इस हास्पिटल की मांग बहुत दिनों से थी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के इलाज के लिए 50 करोड़ से ज्यादा राशि का भुगतान होता था। श्रमिकों का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण हो सके इसके लिए मुख्यमंत्री की पहल पर तथा श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री संतोष गंगवार के प्रयासों से जिले को यह सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत बीपीएल परिवारों को 5 लाख तक इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यह सर्व सुविधायुक्त हॉस्पिटल बनकर तैयार होगा और यहां श्रमिकों के लिए सारी सुविधाएं मौजूद रहेगी। इस हास्पिटल में श्रमिकों के अलावा बीपीएल एवं एपीएल परिवारों को भी स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

### पिकअप ने मोटर सायकल को मारी ठोंकर बालक की हुयी मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** पिकप व्दारा मोटर सायकल को ठोकर मारने से एक 16 साल के बालक की मौत हो गयी यह हादसा ग्राम साल्हेओना सरिया में रहने वाले संतोष सिदार के साथ हुआ जो कल शाम 4/45 बजे गांव के अज्जू सिदार 16 साल के साथ हिरो होण्डा मोटर सायकल क्र. सीजी 13 एम 4226 से चन्द्रपुर जा रहा था कि ग्राम विश्वासपुर कुधरगढी मोड के पास सरिया तरफ से आ रही दुध गाडी छोटा हाथी नंबर सीजी 13 डब्ल्यू- 1822 के चालक ने संतोष सिदार मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मार दी । एक्सीडेंट से अज्जू सिदार का मौके पर ही मत्यु हो गयी तथा मोटर सायकल चालक संतोष सिदार के पैर में चोट आयी है।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996


पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session


Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%




















Topper Students Last Session


Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931